Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 11-07-2022 अंक 281

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# रूपेश हत्याकांड के नामजद 10 आरोपी फरार घोषित, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार

## 28 जुलाई 22 तक कोर्ट में हाजिर होने के आदेश, नही तो होगी कुर्की जब्ती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

नई टांड बरही के बहुचर्चित रूपेश पांडेय हत्याकांड के 10 नामजद आरोपियों को फरार घोषित किया गया है। उन फरार घोषित आरोपियों को आत्मसमर्पण के लिए 28 जुलाई 2022 तक का समय कोर्ट के द्वारा दिया गया है। इसको लेकर उन सभी आरोपियों के घर पर इस्तेहार पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार के नेतृत्व में दुलमहा एवम करियातपुर जाकर चिपकाया गया। जिन आरोपियों के घरों में इस्तेहार चिपकाया गया, उनमे मो सैफल उर्फ साह फैसल पिता मो तस्लीम दुलमहा,मो सादिक पिता मो इस्तेखार,मो तैयब उर्फ तैय्बू पिता मो अयूब, मो इस्तेखार पिता स्व मो इशाक मियां, मो सलमान पिता मो साबिर, सभी दुलमहा, फरहान अख्तर पिता सोएब अख्तर कारियातपुर, मो छोटे उर्फ लुकमान पिता मो रियाज, मो जिब्राइल पिता मो अहिया ,मो अमन पिता उमर मियां,मो शाहिद उर्फ मो जाहिद पिता मो इकबाल, शामिल है। इस्तेहार चिपकाते हुए थाना प्रभारी पुनि ललित कुमार ने आरोपियों के घर वालो को समझाते हुए कहा कि जितना जल्दी को सभी फरार घोषित आरोपी कोर्ट में सरेंडर कर दें, नही तो कोर्ट के आदेशानुसार कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एस आई दिनेश कुमार, एस आई आदित्य कुमार, ए एस आई देवेंद्र कुमार, आरक्षित 380 गुड्डू कुमार, महेंद्र पाल, प्रमोद कुमार, बीरेंद्र पासवान, प्रेम कुमार,मुखिया नारायण यादव, चौकीदार महादेव यादव,जितेंद्र गिरी मौजूद रहे।





फरार आरोपी के घर इस्तेहार चिपकाते पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार

# प्रिंट रेट से अधिक दर पर मिल रहा ग्राहकों को शराब






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही धनबाद रोड में स्थित बकरी बाजार के सामने एवं डीवीसी के सामने स्थित सभी अंग्रेजी शराब दुकान में दुकानदार द्वारा मनमानी कर अधिक दामों में शराब का बिक्री की जा रही है। वहीं मौके पर मौजूद ग्राहकों ने बताया की जब मैं दुकान में शराब लेने पहुंचा तो मुझसे प्रिंट से 20 रुपया अधिक दुकानदार द्वारा लिया गया। साथ ही एक ग्राहक ने बताया की शराब के प्रत्येक बोतल पर 20 रुपया अधिक लिया जा रहा है। वहीं जब दुकानदार से पूछे जाने पर दुकानदार बोलता है की हमलोग को शराब लेने के लिए ऊपर में कमीशन के देना पड़ता है। इसीलिए प्रिंट रेट से अधिक में बेचना पड़ रहा है। जबकि सभी शराब दुकान को सरकारी कर दिया गया है और प्रिंट रेट से शराब बेचने का निर्देश दिया गया है। बावजूद इसके बरही के सरकारी शराब दुकान में प्रिंट से अधिक दाम में खुलेआम शराब की बिक्री की जा रही है। जिससे लोगो मे काफी नाराजगी है।

# भामाशाह विद्यालय के पास दो सब्जी दुकान में लगी आग, लाखो का नुकसान

## आग लगने का स्पष्ट कारण नही चला पता, क्षतिपूर्ति की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

गया रोड बरही भामाशाह विद्यालय के पास स्थित दो सब्जी दुकान में रविवार देर रात आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपये का सब्जी एवं अन्य उपकरण जलकर राख हो गया। एक दुकान मालिक बिमला देवी पति विजय केशरी धोबिटोला निवासी एव दूसरा देवलाल साव पटना रोड उज्जैन निवासी का था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगभग रात 12बजे के आस पास लगी है। आग लगने के बाद तुंरत पुलिस प्रशासन एवम फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी ललित कुमार पुलिस बल एवं फायर बिग्रेड की टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया। तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। एस्बेस्टस शीट भी क्षतिग्रस्त हो गया। वेट मशीन भी जलकर खराब हो गया। झोपड़ीनुमा बना दुकान भी तहस नहस हो गया। आग की चपेट में एक कच्चा मकान भी आ जाता, लेकिन गनीमत रही कि तब तक फायर बिग्रेड की टीम पहुंच चुकी थी। इसके बाद भी एक खिड़की का पल्ला जल गया। दुकान मालिक बिमला देवी पति विजय केशरी धोबिटोला निवासी ने बताया कि आग कैसे लगा है अभी स्पष्ट पता नही चल पाया है। अज्ञात लोग उनके दुकान को आग के हवाले कर दिया है। जिससे 60000 रुपये का समान एवं 4800 रुपये नकदी का नुकसान हुआ है। वहीं दूसरे दुकान के मालिक देवलाल साव पटना रोड निवासी ने बताया कि उनका लगभग 9500 रुपये का समान एव 15300 रुपये नकद रुपये जलकर राख हो गया। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि दुकान के ठीक बगल में लोग खुले में शौच के तौर पर मूत्रालय के रूप में उपयोग में लाते गया। सिगरेट पीते हैं। हो सकता है कोई सिगरेट पीकर दुकान में जलता सिगरेट फेंक दिया गया होगा। जिससे आग लग गई हो। दुकान मालिक बिमला देवी एवं देवलाल साव ने बताया को हमलोग पिछले 6 साल से सब्जी दुकान चला रहे हैं। कुछ अज्ञात लोग आग लगाकर उन्हें नुकसान पहुंचाया है। सूचना पर मुखिया शमशेर आलम, नागेश्वर प्रजापति, दिवाकर पांडेय, अनिल निषाद, भोला निषाद आदि पहुंचकर प्रशासन ने क्षतिपूर्ति उपल.ब्ध कराने की मांग की है।



जलकर राख हुआ सब्जी दुकान

# जनसंख्या नियंत्रण को लेकर स्थायी एवं अस्थायी उपाय जरूरीः डॉ ज्ञानी

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल बरही में जनसंख्या नियंत्रण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, एमओ डॉ अर्जुन सोरेन, डॉ अमन कुमार,डॉ भैरव शंकर अग्रवाल, एचएमएस सदस्य कृष्णा प्रजापति , कोनरा मुखिया यास्मीन तब्बसुम ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि जिस गति से जनसंख्या बढ़ रही है। उसमें तत्काल रोक लगाना जरूरी है। क्योंकि इसका भयावह परिणाम देखने को मिल सकता है। डॉ ज्ञानी ने जनसंख्या नियंत्रण के उपायों की जानकारी देते हुए कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के स्थायी एवम अस्थायी उपाय है। स्थायी उपाय के तहत महिला एवं पुरुष नसबंदी कर जनसंख्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वहीं अस्थायी तौर पर कंडोम, माला डी, कॉपर टी आदि का भी उपयोग कर भी जनसंख्या वृद्धि दर को कम किया जा सकता है। पुरुष नसबंदी यानी एनएसवी की जानकारी देते हुए डॉ अर्जुन सोरेन ने कहा कि पुरुष नसबंदी पूरी तरह सुरक्षित है। इसमें किसी तरह की कोई परेशानी नही होती है। समाजसेविका पूनम यादव ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस पर ध्यान देने की जरुरत है। मौके पर विनय सिन्हा, बीपीएम नारायण राम, पंकज कुमार, नरेश कुमार, बिजेंद्र कुमार, इंदु कुमारी, अनिता देवी, सुनीता देवी सहित एएनएम, सहिया एवं लाभुक मौजूद थे।




कार्यशाला को संबोधित करते डॉ प्रकाश ज्ञानी

# मध्य विद्यालय लठिया में आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय रालो में अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मनोज रजक एवं खोड़ाहर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुशील कुमार ने किया। ब्लॉक प्रमुख मनोज रजक ने कहा की आजादी का अमृत महोत्सव भारत की सामाजिक सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान के बारे में प्रगतिशील है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुशील कुमार, प्यारे लाल यादव, इंद्रदेव यादव, निर्मल यादव, भैरव यादव, डिलो यादव, प्रयाग यादव, रामेश्वर यादव, सहदेव यादव, दिनेश प्रजापति, विनोद यादव, अनिल यादव, देवधारि यादव, सकलदेव यादव, भुवनेश्वर यादव, सोहन प्रजापति, सिकंदर यादव, राजेंद्र यादव, विकास यादव, सुरेश यादव, सुधीर पांडेय सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदान हमेशा याद रहेगा : मनोज यादव

### समाजसेवी स्व महावीर साहू की प्रथम पुण्यतिथि पर सांसद एवं पूर्व विधायक ने दी श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मनोज यादव एवं अन्य

20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष रहे बरही के जाने-माने समाजसेवी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता महावीर साहू की प्रथम पुण्य तिथि कार्यक्रम का आयोजन उनके आवास तेली टोला में किया गया। इस अवसर सांसद जयंत सिन्हा, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई दिग्गज पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पुष्पार्चन कर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए कामना की। इसके पूर्व स्थानीय ब्राह्मणों के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। इनमे दिनेश पांडेय, रामचन्द्र पांडेय, कृष्णा पांडेय, दिवाकर पांडेय, गौतम पांडेय, परमानंद पांडेय शामिल रहें। उप. स्थित लोगों ने स्व साहू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महावीर साहू जीवन पर्यंत सादगी के साथ जीवन व्यतीत किए और समाज सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिए। शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को भुलाया नही जा सकता है। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए उनके अतुलनीय योगदान हमेशा याद रहेगा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, स्व. महावीर साहू जी का पुत्र व भाजपा मंडल अध्यक्ष बरही पुर्वी अमित साहू, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता,भाजपा नेता रितेश गुप्ता, सुनील साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नू गोप, बालेश्वर साहू,भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी मुनेश्वर साव, भाजपा चौपारण पुर्वी मंडल अध्यक्ष सुरेश साव, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, कांग्रेस नेता बिनोद यादव, अमित जयसवाल, मनोहर यादव , बबलू साव सहित कई राजनीतिक एंव समाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं।

## स्व. महावीर साहू की प्रथम पुण्यतिथि पर तिलेश्वर साहू सेना के सदस्यों ने दी श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



श्रद्धांजलि सभा में शामिल तिलेश्वर साहू सेना के सदस्य

बरही के हर दिल अजीज और लोकप्रिय नेता महावीर साहु की प्रथम पुण्यतिथि पर तिलेश्वर साहू सेना के सदस्यों ने भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड मीडया प्रभारी बब्लू साहु ने कहा की किसानों, मजदूरों और गरीबों के हितैषी थे। स्व. महावीर साहू ने बरही विधानसभा की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध बरही विधानसभा का सपना देखा। साथ ही साथ उन्होंने कहा की तिलेश्वर साहू सेना की पूरी टीम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मौके पर सन्नी गुप्ता, विकाश सोनी, अभिषेक केशरी, छोटू केशरी, कपील साव, राजेश साव एवं दिलीप यादव मौजूद थे।

## जनसंख्या के दुष्प्रभावो से आसपास के लोगों को अवगत कराने की जरूरत : संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



संजय यादव

11 जुलाई सोमवार को दुनिया भर में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है। बरही प्रखंड के युवा नेता पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी के पति संजय यादव का कहना है कि जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य दुनिया भर में बढ़ती आबादी से जुड़ी समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना हमारे देश के लिए भी बढ़ती आबादी कई समस्याओं के कारण बनती जा रही है इसी वजह बर्थ कंट्रोल से जुड़ी जानकारियों का अभाव भी माना जाता है बढ़ती आबादी कि इसके अलावा भुखमरी की भी कई वजह गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने वाले संगठन अ०क्सफैम ने कहा कि दुनिया भर में भुखमरी का कारण 1 मिनट में 11 लोगों की मौत होती है। ऑक्सफैम ने दी हंगर वायरस मल्टीप्लाईज नामक रिपोर्ट में कहा की भूखमरी से कोविड 19 से मरने वालों की संख्या से भी ज्यादा है। चिंताजनक बात यह है कि जनसंख्या से पैदा होने वाले संकट के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सकता है सरकार को लोगों को विस्तार से समझाएं कई जगहों पर आज भी फै. मिली प्लानिंग जैसी कोई चीज नहीं है। ऐसे में सरकार जनप्रतिनिधियों को भी लोगों को फैमिली प्लानिंग का महत्व समझाएं उन्हें बताएं कि छोटा परिवार ही सुखी परिवार है। अगर परिवार छोटे होंगे तो उस सभी को आगे बढ़ने की उचित अवसर शिक्षा रोजगार चिकित्सा खानपान मिल सकेंगे नहीं तो परिवार में कई मुश्किलें आ सकती हैं

## बरही विधानसभा में हक़ की आवाज़ होगी बुलंद, यूनाइटेड बरही लड़ेगा लड़ाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते यूनाइटेड बरही के संयोजक मंडली

बरही विधानसभा में यूनाइटेड बरही नामक एक संगठन का निर्माण किया गया है। यूनाइटेड बरही जनमुद्दो की आवाज को बुलंद करने वाला एक सामूहिक संगठन है। यह संगठन विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों का एक साझा मंच है। इस संगठन का निर्माण बरही के चिंतनशील युवाओं के द्वारा किया गया है। संगठन निर्माण से पहले लगभग 5 दौर की बैठकें की गई। बैठकों में सबकी राय ली गयी जिसमें सर्वसम्मति से यह पारित हुआ की एक साझा मंच बनना चाहिए। इसके बाद यूनाइटेड बरही संगठन के नाम पर सहमति बनी। संगठन बरही विधानसभा के भीतर हक़ और अधिकार की आवाज़ को एक नए फलक पर स्थापित करेगा। बरही की बेहतरी के लिए जो भी जनमुद्दे होंगे संगठन उन सभी पहलुओं पर एक्शन लेगा।

**यह संगठन क्यों बनाया गया**

दशकों से बरही विधानसभा के सामाजिक राजीनीतिक क्षेत्र में यह देखा गया है आम जनता के मुद्दे राजनीति के केंद्र से गायब है। रोज़गार, शिक्षा, मूलभूत ज़रूरतें, विस्थापन, भूमि अधिग्रहण जैसे मसलों पर कभी भी कोई ठोस, कल्याणकारी पहल नहीं की गयी। परिणामस्वरूप न ही यहाँ रोज़गार के अवसर उत्पन्न हो पाए और न ही विकास की कोई बड़ी परियोजना पहुँची, जिससे यहाँ के स्थानीय लोगों को उल्लेखनीय लाभ हुआ हो। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है आज की युवा पीढ़ी बरही की बेहतरी के लिए कदम उठाए। बरही के लोगों ने तमाम परियोजनाओं में अपनी जमीनें दी। रियाड़ा उसमें एक ज्वलंत मुद्दा है। आज स्थानीय लोगों को जिस अनुपात में यहाँ नौकरी मिलनी चाहिए वह भी नहीं मिल पाया। जिनलोगों ने अपनी जमीनें दी आज उन्हें ही एक अदद नौकरी के लिए तरसना पड़ रहा है। ज़मीन हमारी, प्रदूषण भी हम सहें, मुआवज़ा भी संतोषजनक नहीं और उल्टा जुल्म भी हमारे ही ऊपर हो। यह तमाम परिस्थियाँ एक बड़ी निराशा को जन्म दे रही है। संगठन इन मसलों पर प्रबंधन से वार्तालाप करेगा। आंदोलन की ज़रूरत पड़ेगी तो हम उसका भी रुख़ अख़्तियार करेंगे।

**संगठन से कौन जुड़ सकते हैं**

हर वह व्यक्ति जो बरही के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करेगा, हक़ के लिए लड़ने को तैयार रहेगा वह इस संगठन से जुड़ सकता है। यह संगठन संयोजक मंडली एवं सदस्यों के द्वारा अपने कार्यों को निष्पादित करेगी। बरही विधानसभा क्षेत्र में यदि कोई ऐसा जन्मुद्दा हो जो सरकार और प्रशासन की नजर में न आया हो, संगठन उन विषयों को चिन्हित करेगा। सूचना मिलने पर हम सूचनाओं को सत्यापित कर उस विषय पर एक्शन लेंगे।

**संगठन की विशेषता**

प्रारंभ में इस संगठन ने एक बड़ा संदेश दिया है। अलग - अलग राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, पढ़े - लिखे बुद्धिजीवी युवा, अधिवक्ता, पत्रकार, शिक्षक, पंचायत चुनाव लड़े युवा, समेत अन्य गणमान्य लोगों ने एक मंच पर आने में अपनी सहमति दर्ज करा दी है। संगठन का अगला कदम क्या होगा इसे समय के साथ सभी आम जनों एवं प्रेस के साथियों को सम्बोधित कर दिया जाएगा।

**किसने क्या कहा**

रंजीत चंद्रवंशी ने कहा की यहां की राजनीतिक पार्टियां सिर्फ रोटियां सेक रही है। बरही के कई ऐसे गांव है जहां आज भी सड़क का अभाव है और लोग चूवाँ से पानी पीने को मजबूर है। साथ ही उन्होंने कहा की विभिन्न पार्टियों के सदस्यो को एक मंच आकर बरही के विकास के लिए लड़ने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

संजय मेहता ने कहा की सामूहिक प्रयास, साझा संघर्ष कमेटी बनाने की आवश्यकता इसीलिए पड़ी क्योंकि बरही के मुद्दे रा. जनीतिक पार्टियों से गायब हो गई है। बरही में दर्जनों फैक्ट्री लगाए गए है जहां योग्य युवा को नोकरी दिलाना इस संगठन की प्राथमिकता है साथ ही यह टीम बरही विधानसभा के चारो प्रखंडों में काम करेगी।

मनोहर यादव ने कहा की इस टीम को बरही के सभी पंचायत में विस्तार किया जायेगा। जिसके लिए पंचायत स्तर पर प्रभारी और तीन सह प्रभारी नियत किया जायेगा।

यमुना यादव ने कहा की इस संगठन से सभी दल के लोग जुड़े हुए है। जो बरही के विकास के लिए कार्य करेगी।

सूरज दास ने कहा की बरही को एक नई दिशा देने के लिए इस संगठन का निर्माण किया गया है। वही उन्होंने कहा की देश का जब भी उत्थान हुआ तब युवाओं का सहभागिता मिली है। बरही को विक. सित और समृद्ध बनाने के हम और हमारा संगठन हमेशा तत्पर रहेगा।

मो0 ताजुद्दीन ने कहा की बरही के भविष्य को संवारने के लिए इस संगठन का निर्माण किया गया है।

दीपक गुप्ता ने कहा की यह बरही विधानसभा के लिए बहुत ही खुशी की बात है। हर एक पार्टी के सदस्य इस पार्टी से जुड़कर इस पार्टी का निर्माण किया है। साथ ही उन्होंने कहा की बरही का चौराहा भारत में प्रसिद्ध है लेकिन बरही चौक पर गंदगी का अंबार लगा रहता है। मौके पर रंजीत चंद्रवंशी, संजय मेहता, मनोहर यादव, यमुना यादव, सूरज दास, बिनोद यादव, मो ताजुद्दीन, दीपक गुप्ता, राहुल अम्बेडकर, सागर यादव, साजन दास, मंजीत यादव, शिवशंकर यादव, अनिल यादव, मो इजहार उपस्थित थें।





APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## डिवाइन पब्लिक स्कूल मे भाषण प्रतियोगिता

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा
सुनील कुमार**




बरकठ्ठा गंगपाचो स्थित +2 मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल मे विश्व जनसंख्या दिवस पर भाषण व सोशल मीडिया से लाभ– हानि पर वाद – विवाद प्रीतियोगित का आयोजन किया गया इस वाद– विवाद प्रतियोगिता मे वर्ग दस के बच्चें चार ग्रुप मे भाग लिए ग्रुप । मे कुणाल कुमार, अंशु कुमार ग्रुप ठ मे रवि चौधरी, संदीप कुमार ग्रुप ब मे गौतम कुमार, विवेक कुमार ग्रुप क मे कृतिका कुमारी, प्रीती कुमारी!ग्रुप और ग्रुप ठ के बीच फाइनल हुवा जिसमे ग्रुप । विजेता रहा और भाषण प्रतोयोगिता मे क्लास 8,9 और 10 बच्चे भूमिका कुमारी, स्वाति कुमारी अभिजीत कुमार, प्रिया वर्मा ने भाग लिए जिसमे भूमिका कुमारी विजेता रही, दोनों ग्रुप के सभी विजेता बच्चे को प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत किये और उज्वल भविष्य की शुभकामनाये दी ।स्कूल प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने बताया की इस प्रकार का प्रतियोगिता आयोजन करने से बच्चों मे कॉन्फिडेंस बढ़ता है हिचक दूर होता है, कार्यक्रम को सफल बनाने मनोहर कुमार सिंह, भरत मंडल, काशीनाथ महतो, प्रीती प्रभा कुमारी, संजय यादव, अशोक राम, अनिल कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया







## सांसद, पूर्व विधायक आदि के उपस्थिति में चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी ने संभाला पदभार





**अपेम लाइव : चौपारण
किशोर राणा**

प्रखण्ड प्रमुख पूर्णिमा देवी ने विधिवत रूप से प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। सांसद जयन्त सिन्हा, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव आदि भाजपा नेता व पंचायत जनप्रतिनिधि उप. स्थित रहे। इससे पूर्व प्रखण्ड व अंचल कर्मियों ने अतिथियो का स्वागत बुके देकर किया। प्रमुख पूर्णिमा देवी, प्रतिनिधि उदय राणा व संजय राणा ने अतिथियो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रखण्ड से निर्वाचित जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, आरती कौशल व मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों को सांसद, पूर्व विधायक, प्रमुख आदि ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन सामूहिक रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय व सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव ने किया। प्रमुख पूर्णिमा देवी ने अतिथियो को स्वागत करते हुए कहा कि मैं अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूँगी। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, राजेश सहाय, रामस्वरुप पासवान, राजदेव यादव, सुखदेव पासवान, मुकुंद साव, राजेंद्र चंद्रवंशी, अर्जुण पांडेय, विकास रजक, मुकेश सिन्हा, सुरेश साव, आशीष सिंह, जन्मेजय सिंह, बिनोद सिंह, मंटु सिंह, फैजान अहमद, मो अतहर, जनार्दन पांडेय, बिनय चंद्रवंशी, सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह, बालेश्वर साहु सहित दर्जनों पंचायतों के मुखिया, पंसस तथा सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सीएम को भलाई से नही बल्कि मलाई से मतलब है : जयन्त सिन्हा**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जयन्त सिन्हा ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि चौपारण का विकास आपके कंधों पर है। आपके सहयोग के लिए हम हमेशा तैयार रहेंगे। हेमन्त सोरेन पर तंज कसते हुए सांसद ने कहा कि सीएम को भलाई से नही बल्कि मलाई से मतलब रहता है। अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए सांसद ने कहा मेरे प्रयास से बरही में ऑक्सीजन प्लांट लग रहा है व जल्द ही एक लाख बच्चो को अक्षपात्रा से लाभ मिलेगा। कहा अपने कार्यकर्ताओं के बीच 10 लाख मास्क वितरण का शुरुवात किया।

**जनता के अपेक्षाओं पर खरा उतरे जनप्रतिनिधि : मनोज यादव**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियो से कहा कि आप जनता के अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य करे। कहा पहले आप सामाजिक जीवन मे थे अब निर्वाचित होने के बाद सक्रिय रूप से राजनीति में आ गया है। जनता के जनादेश का सम्मान करें व जन जन के समस्याओं को सुने एवम कार्यो को निष्पादन करे।

## सांसद ने रखा सांस्कृतिक भवन निर्माण का आधारशिला, कहा

## कहा परिसर में लगेगा जन नायक कर्पूरी ठाकुर का प्रतिमा

**अपेम लाइव : चौपारण
किशोर राणा**



चौपारण – प्रखंड के एनएचटू स्थित जोकट गांव में जन नायक कर्पूरी ठाकुर भवन परिसर में सांसद जयंत सिन्हा सोमवार को सांस्कृतिक भवन निर्माण का आधारशिला रखा। भवन का निर्माण सांसद मद से 10 लाख की लागत से हो रहा है.राष्ट्रीय नाई महासभा इकाई चयप्रगना के तत्वावधान में आयोजीत शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद जयंत सिन्हा ने कहा भवन निर्माण के साथ इस परिसर में जन नायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा स्थापित स्वंग अपने सौजन्य से कराएंगे. श्री सिन्हा ने अपने आप को जन नायक का अनुआई बताते हुए कहा आज के राजनीतिक परिवेश में जन नायक कर्पूरी ठाकुर के बिचारो को स्मरण करने की जरूरत है। समारोह में जीप सदस्य आरती कौशल,भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, राष्ट्रीय नाई महासभा के महासचिव रमेश ठाकुर, लक्ष्मी ठाकुर, बिरजु ठाकुर,डॉ दुलार ठाकुर, प्रो महेंद्र ठाकुर, नंदकिशोर ठाकुर, केदार ठाकुर, सुबोध ठाकुर, बैनाथ ठाकुर, अशोक ठाकुर, सुरेश शर्मा, जगदीश ठाकुर,तापेश्वर ठाकुर, सीताराम ठाकुर, कैलास ठाकुर, श्री ठाकुर,महेश ठाकुर,नन्दू प्रजापति,प्रदीप ठाकुर सहित कई लोग शामिल थे.कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी ठाकुर ने किया.एवं संचालन अजय ठाकुर ने किया.



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सर्पदंश से महिला की मौत

### विधायक के पहल पर हुआ पोस्टमार्टम की प्रकिया शुरू

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतगर्त बलगो पंचायत के खुरजिओ गांव में बीते 04 जुलाई की रात खुरजियो गांव के हिरिया देवी उम्र 57 पति स्व खुवी दास अपने घर पर गहरी नींद में सो रही थी। अचानक रात में करेत सांप ने हिरिया देवी को काट लिया। आनन फानन में परिवार वाले इलाज के लिए पीएमसीएच धनबाद ले गए। जहाँ इलाज के क्रम में 10 जुलाई की रात आठ बजे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अभाव में बिना किसी को सूचना दिए शव को गांव ले आया। इसकी जानकारी जब उपप्रमुख शेखर सुमन का मिला तो बगोदर के लोकप्रिय विधायक बिनोद कुमार सिंह से दुरभाष पर बात कर मामले से अवगत कराया। इधर शव को दाह-संस्कार के लिए तैयारी कर लिया गया था। विधायक जी के कथनानुसार गांव वालों और पिड़ित परिवार से बात कर समझाने का प्रयास किया गया इतना ही विधायक जी स्वंय पिड़ित परिवार वालों को समझाने का प्रयास किए तब जाकर शव को गिरिडीह पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ताकि गरीब परिवार को सरकारी लाभ मिल सके। पिड़ित परिवार अत्यंत गरीब है और पहले बच्चो के पिता का साया उठ गया था। इस सदमे से बाहर भी निकल नही पाया था कि मां का छाया भी उठ गया। गरीब परिवार को मदद करने के लिए बगोदर विधायक बिनोद कुमार सिंह और उपप्रमुख शेखर सुमन को तहेदिल से शुक्रिया यदा करता हूं। साथ ही इस कार्य में मदद करने वाले बलगो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास को भी धन्यवाद देता हूं। ।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन घायल एक रेफर

**अपेम लाइवः बिरनी**
**मुंताज अंसीर**



बिरनी प्रखंड से दो किलोमीटर दूर जितकुंडी में सरिया-राजधनवार मुख्य मार्ग पर लगभग 12रू20 बजे मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर से सड़क दुर्घटना हो गयी जिसमें चालक कैफ अंसारी 17 पिता अशरफ अंसारी,साजन अंसारी 15 पिता गुलाम मुस्तफा,रोहित साव 15 पिता स्वर्गीय मुन्ना साव तीनों मोटरसाइकिल में सवार होकर प्लस टू उच्च विद्यालय पर्लोंजिया से आठवीं की परीक्षा देकर अपने-अपने घर माखमरगो जा रहे थे तभी अचानक दुर्घटना ग्रस्त हो गयी कैफ,साजन माखमरगो तथा रोहित कुमार जितकुंडी के बताए जा रहे हैं स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी लाया गया जिसका उपचार डॉ अंकुर कुमार ने किया वहीं कैफ को बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया गया खबर लिखे जाने तक कैफ बेहोशी हालत में था

## कान्हाचट्टी के नए बी पी ओ के रूप मे नीरज पासवान ने दिया योगदान

### मनरेगा के कार्यो में निबन्धित मजदूरों को काम उपलब्ध कराना होगा प्राथमिकता

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के रूप में नीरज पासवान ने सोमवार को योगदान दिया।योगदान से पहले श्री पासवान चतरा सदर में पदस्थापित थे।सोमवार को योगदान देने के बाद पासवान ने कहा कि मनरेगा के निबन्धित मज. दूरों को मनरेगा का कार्य उपलब्ध करवाना मेरी पहली प्राथमिकता में शामिल होगी।आगे उन्होंने कहा कि मनरेगा का कार्य पारदर्शी होगा।एवं



नीरज पासवन

निबन्धित मजदूरों का पलायन रोकना सबसे बड़ी चुनौती के रूप के लेंगे।बताते चले कि कान्हाचट्टी के बी पी ओ निरजंन सिंह का स्थानान्तरण प्रतापपुर हो गया और उन्हीं के पोस्ट पर निरजंन सिंह ने योगदान दिया।

APEM LIVE




## 37वें उपायुक्त के रूप में अबु इमरान ने किया पदभार ग्रहण

### निवर्तमान उपायुक्त अंजली यादव से ग्रहण किया पदभार

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा जिला के 37वें उपायुक्त के रूप में सोमवार को अबु इमरान ने निवर्तमान उपायुक्त अंजली यादव से पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उन्होंने पद भार ग्रहण किया। उपायुक्त का पदभार ग्रहण करते समय नवनियुक्त उपायुक्त ने निवर्तमान उपायुक्त द्वारा चतरा जिला में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा जिले में किए गए विकास कार्यो को वह आगे ले जाने हेतु प्रयासरत रहेंगे। उपायुक्त, अबु इमरान ने कहा कि चतरा जिला के विकास के लिए जो दायित्व मिला है, उस पर शतप्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे । अपने कार्यकाल में जिले को विकास के रास्ते पर ले जाने का हर संभव प्रयास रहेगा। इस मौके पर उन्होंने जिले के पदाधिक. ारियों और पूरी टीम से भी मुलाकात किया।उप विकास आयुक्त, उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता, पवन कुमार मंडल, निदेशक डीआरडीए, अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, सुधीर कुमार दास समेत अन्य पदाधिकारियों ने निवर्तमान उपायुक्त एवं नवनियुक्त चतरा जिला उपायुक्त को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। साथ हीं निवर्तमान एवं नवनियुक्त उपायुक्त के बारे में अपने अभिव्यक्ति को व्यक्त किया एवं बतौर टीम के रूम में आगे भी कार्य करने की इच्छा जाहिर किया।वहीं नव नियुक्त उपायुक्त ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में कोई भी भूखा न रहे एवं जिले के अन्य मूलभूत समस्याओं का समाधान एवं व्यवस्थओं को दुरुस्त कराना पहली प्राथमिकता रहेगी।

## अवैध कोयला लदा दो पिकअप जप्त, चालक गिरफ्तार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**






गुप्त सूचना पर कार्यवाई करते हुए चौपारण पुलिस ने अवैध कोयला लदा दो पिकअप जप्त किया गया। एक वाहन चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया वही एक चालक जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। उक्त बातो की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शम्भू नाथ ईश्वर ने कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के सूचना पर चोरदाहा चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप सख्या जेएच 11 सीजी 2803 और बीआर 03 जीबी 1596 को जप्त किया गया। पकड़े गए चालक ने बताया कि कोयला बिहार ले जाया जा रहा था। जप्त कोयला में कुल 60 बोरी अवैध पोडा कोयला था। इस संदर्भ में चौपारण थाना कांड संख्या 144/22, धारा 414/33, 30(बी) कोल माइंस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए बिहार राज्य के गया जिला के गुरवा निवासी संजीत कुमार उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना कोयला उत्पादन और इसके डिस्पैच के लिए लगातार सक्रिय

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



निरीक्षण करते कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार

एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), पार्थ मजुमदार ने सोमवार पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का दौरा कर निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होनें परियोजना से अधिक से अधिक कोयला भेजे जाने के उपाय किये जाने को कहा। साथ ही खनन कार्य को विस्तार देने और सुरक्षा के साथ खनन पर महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

मजुमदार ने कहा की एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के कोयला उत्पादन और इसके डिस्पैच में तेजी आई है।मजूमदार ने भरोसा दिलाया कि संयंत्रों को कोयले की कमी नहीं होने दी जाएगी। ताप बिजली घरों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई है कि आने वाले कुछ दिनों में कोयले के स्टाक की स्थिति में और बेहतरी आएगी। तथा परियोजना अपने विभिन्न 22 परियोजनाओं में भरपूर कोयला भेजती रहेगी। मजूमदार ने अपने सभी अधिकारियों को कोयले के उत्पादन और इसके डिस्पैच के तय लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं। मौके पर पकरी बरवाडीह परियोजना के महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव ने कोयला खनन एवं डिस्पैच से सबंधित सभी कार्यों के बारे में बताया। बता दें की परियोजना की तरफ से एनटीपीसी बिजली संयंत्रों में भेजे जाने वाले कोयले की हर रोज समीक्षा की जा रही है, ताकि कहीं भी कमी नहीं रहे । मौके पर संजय सेठ, महाप्रबंधक (बादम), श्री के. चंद्रशेखर, महाप्रबंधक (इन्फ्रस्ट्रक्चर), श्री संजीव कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (माइनिंग), विश्वजीत चक्रवर्ती अप. रमहाप्रबंधक (खनन), अमित कुमार अस्थाना अपरमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं सभी वरीय पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति रहें।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## शाखाबारा गांव पहुंच कर मृतक परिवार वालों से मिले प्रमुख और उपप्रमुख

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी के शाखाबारा गांव निवासी शौकत अली उम्र 38 वर्ष बकरीद के मौके पर अपना घर आया था अचानक इनका तबियत बिगड़ गया और वह इंतकाल कर गए। घटना की खबर सुनने के बाद पिड़ित परिवार वालों से प्रमुख रामु बैठा उपप्रमुख शेखर सुमन मिलकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाए। । मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुभाष साव इकबाल अंसारी उर्फ पिंटू उपस्थित थे।।

## जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूकता की अलख जगाएगा स्वास्थ्य विभाग





**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गावां, गिरिडीह : सामुदायिक स्वस्थ केन्द्र गांवा में सोमवार को जनसंख्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी महेन्द्र दास, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, प्रखण्ड प्रमुख ललिता देवी, गांवा मुखिया कन्हाय राम उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनसंख्या नियंत्रण पर चर्चा करते हुए सोमवार से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम परिवार नियोजन के सभी अस्थाई साधनों एवं स्थाई साधन नसबंदी के बारे में लोगों को जानकारी देगा और लाभार्थियों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डा. चंद्रमोहन कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन से कोई वंचित न रहने पाए इसको लेकर गांवा में 11 जुलाई से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा, जो 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के बारे में बताएगी। सहिया कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में दो से अधिक बच्चों वाले परिवारों से संपर्क कर उन्हें परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने और दो से अधिक बच्चों के बारे में न सोचने का सुझाव देंगी। इसके अलावा दो बच्चों के बीच कम से कम तीन साल का अंतर रखने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। नव दंपति को हम दो-हमारे दो से होने वाले फायदे के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। परिवार नियोजन के साधनों को अपनाकर सुखी रखा जा सकता है, इसके बारे में भी सहिया दीदी विभिन्न अस्थाई साधनों से अधिक से अधिक लाभार्थी लाभ उठा सकें, इसके लिए जागरूक करेगें 27 जून से 10 जुलाई तक दंपति संपर्क पखवाड़ा का कार्य सहिया दीदी के द्वारा किया गया था। साथ ही उन्होंने ने जनप्रतिनिधियों से भी सहिया दीदी लोगो को मदद करने का अपील किया ताकि कार्यक्रम सफल हो सके ।

'सेविकाओं को भी जागरूक करने के लिए करेंगे प्रेरित- दीपक प्रसाद अंचलाधिकारी सह प्रखण्ड बाल परियोजना अधिकारी दीपक प्रसाद ने कहा कि बाल परियोजना अधिकारी होने के नाते हम सभी सेविका दीदियों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित करेंगे और आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि वे भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने का काम करेगी ।

## देवरी थाना के नए थाना प्रभारी बने बिपिन कुमार

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



गिरिडीह देवरी थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में बिपिन कुमार ने सोमवार को योगदान दिया।इसके पूर्व बिरनी थाना में कार्यरत थे।साथ ही उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जो भी अपराधिक घटनाएं होंगी उसपर कड़ी निगाह रखी जाएगी और अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।साथ ही कहा कि आम आवाम के साथ जो भी समस्याएं हैं उसे निःसंदेह शिकायत करे ताकि उसपर पहल किया जा सके और समस्या का निस्पादन किया जा सके।

APEM LIVE

## बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा अमरनाथ गुफा में स्वर्गवासी हुए श्रद्धालुओं को दी गई श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हजारीबाग शहर के बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा अमरनाथ गुफा में हुए अचानक हादसे में स्वर्गवास हुए सभी श्रद्धालुओं को बुढ़वा महादेव मंदिर स्थित भगवान भोलेनाथ के समक्ष श्रद्धांजलि एवं 2 मिनट का मौन रखा उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई । साथ ही घायल हुए सभी श्रद्धालुओं के जल्द स्वास्थ्य ठीक हेतु भगवान भोलेनाथ से कामना की गई। मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि अमरनाथ हादसे में स्वर्गवास हुए सभी श्रद्धालुओं के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं तथा ईश्वर इस दुख की घड़ी को परिवारजनों को सहन करने की ताकत प्रदान करें तथा घायल हुए सभी श्रद्धालुओं के प्रति भगवान भोलेनाथ से कामना करता हूं कि वह जल्द स्वस्थ हो जाएं। वही साथ ही कहा कि सामाजिक कार्यों में बड़ा बाजार यूथ विंग बढ़-चढ़कर अपनी सभागीता सुनिश्चित कर रहा है। मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने कहा कि अमरनाथ हादसे में खबरों के अनुसार 20 से भी अधिक लोग की स्वर्गवास की सूचनाएं प्राप्त हुई है। जिसको लेकर बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि एवं मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की गई वही घायल अवस्था में तमाम श्रद्धालुओं के जल्द स्वस्थ होने की भगवान भोलेनाथ से कामना की गई। मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पवन गुप्ता, बड़ा बाजार यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष संजय डिश, रितेश खण्डेलवाल, अतिशय जैन,अजीत चंद्रवंशी,कृष्ण कुमार,ऐश्वर्य कुमार रंजन,उदय मेहता,कुश सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे।

## नगर निगम गिरिडीह ने पचंबा झण्डा मैदान को बना दिया कूड़ा मैदान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह की उपनगरी पचम्बा के वार्ड नंबर दो पर स्थित झंड़ा मैदान नामक स्थान नगरपालिका के समय तक साफ सुथरा और सुरक्षित था मगर जब से नगर निगम क्षेत्र में तब्दील हुआ है। झंड़ा मैदान पचंबा का अस्तित्व ही समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। पचम्बा में एक मात्र झंड़ा मैदान के पास नगर निगम ने मूत्रालय निर्माण करवा दिया। मूत्रालय के ठीक सामने ट्रेक्टर ट्राली लगा देता है नगर निगम जिसके कारण लोग मूत्र त्याग मूत्रालय के बाहर ही कर देते हैं जिसके कारण दुर्गंध फैली रहती है हमेशा। स्थानीय लोग दुर्गंध के कारण कूड़ा दूर से ही ट्रेक्टर ट्राली में फेंकते हैं जिसके चलते कुछ कूड़ा ट्रॉली में जा गिरता है और कुछ बाहर। मूत्रालय का पाइप टूट जानें के कारण मूत्रालय का मूत्र वही आस पास फैल जाता है। मारे दुर्गंध कोई खड़ा रहने की बात तो दूर की है गुजरना मुश्किल हो जाता है। झंड़ा मैदान के पास प्राचीन काल की राधा कृष्ण मंदिर भी है। लोग इस मंदिर के सामने चबूतरा पर बैठा करते थे लेकिन जब से नगर निगम ने झंड़ा मैदान की दुर्दशा की है मारे दुर्गंध कोई बैठ भी नहीं पाता है। सबसे ज्यादा बुरा हाल झंड़ा मैदान के आस पास रहनेवाले लोगों को उठानी पड़ रही है। पचंबा में कूड़ा जहां तहां रोड किनारे पड़ा दिख जाना आम बात हो गई है। टूटी फूटी नाली, गंदगी से भरी हुई नाली, टूटा हुआ रोड, पानी की कुव्यवस्था पचंबा की पहचान बन चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से गिरिडीह नगर निगम में तब्दील हुई है पचंबा मानो नरक निगम क्षेत्र में पहूंच गया है। अधिकतर मुहल्लों में तो नाली निर्माण आज तक नही हुआ है। आखिर कौन जिम्मेदार है इस हालात का पूछ रही है पचंबा की जनता ?




